# मध्य प्रदेश में मिले डायनासोर के अंडे

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में मध्य प्रदेश के बड़वानी ज़िले के सेंधवा विकासखंड की वरला तहसील के जंगल में डायनासोर के अंडों से संबंधित जीवाश्म मिले हैं।

## प्रमुख बिंदु

- बड़वानी के जंगल में मिली 10 अंडाकार चटानों की जाँच के पश्चात् पुरातत्त्ववविद् डॉ. डीपी पांडे ने बताया कि ये डायनासोर के अंडे हैं, जो 60 लाख से 1 करोड़ वर्ष पुराने हो सकते हैं।
- इन अंडों में सबसे बड़े अंडे का वज़न करीब 40 किलो है, जबकि अन्य करीब 25 किलो तक के हैं। इनमें से 3 अंडों को इंदौर स्थित संग्रहालय में रखा जाएगा।
- धार ज़िले में 2007 में भी डायनासोर के जीवाश्म मिले थे, जिन्हें मांडू में बने फॉसिल पार्क में रखा गया है।
- उल्लेखनीय है कि घुघुवा जीवाश्म उद्यान मध्य प्रदेश के डिंडौरी ज़िले में शाहपुरा के पास स्थित एक राष्ट्रीय उद्यान है, जिसमें 18 जीव वैज्ञानिक कुलों के 31 वंशों के पौधों के जीवाश्म (फॉसिल) मिले हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dinosaur-eggs-found-in-madhya-pradesh